संख्या–cm-532
25/11/2025

# मुख्यमंत्री ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण, निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

पटना, 25 नवम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने पटेल गोलंबर से ईको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा ईको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सर्पेंटाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ–साथ 4 लेन सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भूमिगत नाला को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजीव नगर भूमिगत नाले पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर टू–लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ–सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन 4 लेन सड़क का भी निरीक्षण किया। साथ ही इस सड़क को जे0पी0 गंगा पथ से जोड़ने वाले सम्पर्क पथ का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाला पर बनाये जा रहे पथ को जल्द पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर को व्यवस्थित रखने के साथ–साथ लोगों की आवागमन में सहूलियत को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। इन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण होने से शहरवासियों को एक दूसरे जगह जाने का वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ और सुगम होगी।

निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री सह पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री अनिमेष परासर, बिहार राज्य पथ निर्माण विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******